प्रेस नोट - थाना कटरा

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक – 29.10.2026

थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के प्रकरण में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक, थाना कटरा के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 24.10.2026 को वादी द्वारा अपनी बहन को अतिरिक्त दहेज में एक कार एवं 04 लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करने तथा मांग पूरी न होने पर गला दबाकर हत्या कर देने के संबंध में अभियुक्तगण 1.शाहिद पुत्र जुल्फिकार खाँ (पति), 2.शाकिर खाँ पुत्र जुल्फिकार खाँ (जेठ), 3.दिलशाद खाँ पुत्र जुल्फिकार खाँ (जेठ), 4.इसरार खाँ पुत्र जुल्फिकार खाँ (जेठ), 5.शहजाद खाँ पुत्र जुल्फिकार खाँ (जेठ), 6.हूर बानो पत्नी शाकिर खाँ (जेठानी) एवं 7.नाजो पत्नी शहजाद खाँ (जेठानी), समस्त निवासीगण ग्राम लाईखेड़ा, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध थाना कटरा पर मु०अ०सं० 307/2026 धारा 85/80(2)/103(1) बीएनएस एवं 3/4 डी०पी० एक्ट पंजीकृत कराया गया था। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर धारा 103(1) बीएनएस का लोप किया गया। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त शहजाद खाँ पुत्र जुल्फिकार खाँ को मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनांक 29.10.2026 को समय करीब 12:10 बजे थाना कटरा क्षेत्रांतर्गत सिउरा मोड़ के पास से थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को नियमानुसार मा० न्यायालय के समक्ष समय से प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

शहजाद पुत्र जुल्फिकार खाँ उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम लाईखेडा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान का विवरणः-

दिनाँक 29.10.2026 को समय 12.10 बजे, सिउरा मोड के पास।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 307/26 धारा 85/80(2) बी0एन0एस0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1.उ0नि0 राधेश्याम भारती थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
2.का0 रवि कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
3.का0 सोनू कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।